सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन
(राजस्व क्षेत्र)

31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

उत्तर प्रदेश सरकार
वर्ष 2015 का प्रतिवेदन संख्या–7

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

(राजस्व क्षेत्र)

उत्तर प्रदेश सरकार

वर्ष 2015 का प्रतिवेदन संख्या–7

विषय–सूची

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ सं0
प्राक्कथन		v
विहंगावलोकन		vii
अध्याय–I: सामान्य		
राजस्व प्राप्तियों का रुझान	1.1	1
राजस्व बकाये का विश्लेषण	1.2	3
कर निर्धारण के बकाये	1.3	4
विभागों द्वारा पता लगाया गया कर का अपवंचन	1.4	5
लम्बित वापसी वाद	1.5	5
लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभागों की प्रतिक्रिया	1.6	6
लेखापरीक्षा द्वारा उठाये गये मामलों के निपटारे हेतु प्रणाली का विश्लेषण	1.7	8
विभागों/शासन द्वारा स्वीकार की गयी संस्तुतियों पर की गयी कार्यवाही	1.8	9
लेखापरीक्षा योजना	1.9	9
लेखापरीक्षा का परिणाम	1.10	10
इस प्रतिवेदन का आच्छादन	1.11	10
अध्याय–II: बिक्री,व्यापार आदि पर कर		
कर प्रशासन	2.1	11
लेखापरीक्षा के परिणाम	2.2	11
''वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली'' पर निष्पादन लेखापरीक्षा	2.3	12
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	2.4	40
कर का न/कम आरोपण	2.5	40
अर्थदण्ड का अनारोपण	2.6	45
प्रवेश कर का न/कम आरोपण	2.7	47
घोषणा पत्रों का दुरुपयोग	2.8	51
ब्याज का न/कम प्रभारित किया जाना	2.9	52
इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई0टी0सी0) से सम्बन्धित अनियमिततायें	2.10	53

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ सं0
विलम्ब से जमा किये गये संकर्म संविदा कर पर अर्थदण्ड का अनारोपण	2.11	54
अध्याय–III: राज्य आबकारी		
कर प्रशासन	3.1	57
आन्तरिक लेखापरीक्षा	3.2	57
लेखापरीक्षा के परिणाम	3.3	58
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	3.4	59
बेसिक लाइसेन्स फीस एवं प्रतिभूति जमा का समपहरण न किया जाना	3.5	59
आबकारी राजस्व के विलम्बित भुगतान पर ब्याज का अनारोपण	3.6	60
मॉडल शॉप पर लाइसेन्स शुल्क का कम आरोपण	3.7	61
अध्याय–IV: वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर		
कर प्रशासन	4.1	63
आन्तरिक लेखापरीक्षा	4.2	63
लेखापरीक्षा के परिणाम	4.3	64
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	4.4	65
परमिट में अनियमिततायें	4.5	65
जे0एन0एन0यू0आर0एम0 बसों पर अतिरिक्त कर का अनारोपण	4.6	66
वाहनों के स्वस्थता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण न होना	4.7	67
गैर परिवहन यानों के पंजीयन का नवीनीकरण न कराया जाना	4.8	68
अधिक भार लदे वाहनों पर कैरेज बाई रोड अधिनियम 2007 के अन्तर्गत शास्ति का अनारोपण	4.9	69
तीन माह से अधिक अभ्यर्पित वाहनों से कर/अतिरिक्त कर का वसूला न जाना	4.10	69
जब्त वाहनों से कर/अतिरिक्त कर की वसूली न किया जाना	4.11	70
अध्याय–V: स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस		
कर प्रशासन	5.1	73
आन्तरिक लेखापरीक्षा	5.2	73
लेखापरीक्षा के परिणाम	5.3	74
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	5.4	74

विवरण	सन्दर्भ	
	प्रस्तर	पृष्ठ सं0
आवासीय भूमि का कृषि दर से मूल्यांकन	5.5	74
भूमि का अवमूल्यांकन	5.6	75
पट्टा विलेख का अवमूल्यांकन	5.7	76
दस्तावेजों का गलत वर्गीकरण	5.8	77
अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का अनारोपण	5.9	78
अध्याय–VI: अन्य कर एवं करेतर प्राप्तियाँ		
(अ) मनोरंजन कर विभाग		
कर प्रशासन	6.1	79
लेखापरीक्षा के परिणाम	6.2	79
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	6.3	80
मनोरंजन कर विभाग में डायरेक्ट–टू–होम एवं डिजिटल एड्रेशेबुल सिस्टम पर मनोरंजन कर का निर्धारण एवं आरोपण	6.4	80
टेलीविजन सिग्नल रिसीवर एजेन्सियों पर लाइसेन्स शुल्क एवं अर्थदण्ड का अनारोपण	6.5	93
(ब) भू–तत्व एवं खनिकर्म विभाग		
कर प्रशासन	6.6	94
आन्तरिक लेखापरीक्षा	6.7	94
लेखापरीक्षा के परिणाम	6.8	95
लेखापरीक्षा प्रेक्षण	6.9	95
बिना खनन योजना के खनिजों का उत्खनन	6.10	96
शासनादेशों का अधिनियम/नियमों के अनुरूप न होना	6.11	97
पर्यावरण अधिनियम का अनुपालन नहीं किया जाना	6.12	98
रायल्टी के विलम्बित भुगतान पर ब्याज का न/कम प्रभारण	6.13	99
ईंट भट्ठा मालिकों से रायल्टी और अनुज्ञा फीस की वसूली न किया जाना	6.14	100
ईंट बनाने में प्रयुक्त मिट्टी पर रायल्टी का कम आरोपण	6.15	100
परिशिष्टियाँ		**105–156**
शब्द एवं संक्षेपण की शब्दावली		**157–160**

प्राक्कथन

मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष से सम्बन्धित यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को प्रस्तुत किये जाने के लिये तैयार किया गया है।

प्रतिवेदन में राजस्व क्षेत्र के अधीन आने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के विभागों जिसमे वाणिज्य कर विभाग, राज्य आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग, मनोरंजन कर विभाग एवं भू–तत्व एवं खनिकर्म विभाग सम्मिलित हैं, के निष्पादन लेखापरीक्षा एवं अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को शामिल किया गया है। हालांकि, आर्थिक, जनरल एवं सोशल सर्विसेज सेक्टर से सम्बन्धित विभाग शामिल नहीं हैं और जनरल एवं सोशल सेक्टर के प्रतिवेदन तथा आर्थिक क्षेत्र (गैर–सा0क्षे0उ0) के प्रतिवेदन में आच्छादित किये गये हैं।

इस प्रतिवेदन में वर्णित दृष्टान्त वे हैं जो 2014–15 की अवधि के लिये किये गये नमूना लेखापरीक्षा के दौरान प्रकाश में आये साथ ही वे जो पूर्ववर्ती वर्षों के दौरान प्रकाश में आये, परन्तु जिन्हें विगत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में प्रतिवेदित नहीं किया जा सका; 2014–15 के बाद की अवधि से सम्बन्धित दृष्टान्त भी, जहाँ आवश्यक था, शामिल किये गये हैं।

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों के अनुरूप ही लेखापरीक्षा सम्पादित की गई है।

विहंगावलोकन

इस प्रतिवेदन में '**वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली**' पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा सहित 31 प्रस्तर सम्मिलित हैं, जिनमें कर, शुल्क एवं ब्याज, शास्ति इत्यादि के कम/न आरोपण से सम्बन्धित ₹ 560.72 करोड़ की धनराशि सन्निहित है। शासन/विभागों ने ₹ 532.41 करोड़ धनराशि की लेखापरीक्षा आपत्तियाँ स्वीकार की जिसमें से ₹ 65.12 लाख की वसूली कर ली गई है। कुछ मुख्य आपत्तियाँ नीचे वर्णित हैं:

I. सामान्य

वर्ष 2013–14 के दौरान ₹ 1,68,213.75 करोड़ के विरुद्ध वर्ष 2014–15 के लिये उत्तर प्रदेश सरकार की कुल प्राप्तियाँ ₹ 1,93,421.60 करोड़ थीं। कर राजस्व ₹ 74,172.42 करोड़ एवं करेतर राजस्व ₹ 19,934.80 करोड़ को सम्मिलित करते हुये राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व ₹ 94,107.22 करोड़ था। भारत सरकार से प्राप्तियाँ ₹ 99,314.38 करोड़ (विभाज्य संघीय करों में राज्य का अंश ₹ 66,622.91 करोड़ और सहायता अनुदान ₹ 32,691.47 करोड़) थी। इस प्रकार, राज्य सरकार कुल राजस्व का केवल 49 प्रतिशत ही उगाह सकी।

(प्रस्तर 1.1.1)

31 मार्च 2015 को कुछ मुख्य राजस्व शीर्ष जैसे बिक्री, व्यापार आदि पर कर, स्टाम्प और निबंधन फीस, वाहनों पर कर, अलौह खनन एवं धातुकर्म उद्योग, राज्य आबकारी और मनोरंजन कर से सम्बन्धित बकाया राजस्व ₹ 26,837.24 करोड़ हो गया जिसमें से ₹ 11,572.73 करोड़ पाँच वर्ष से अधिक से बकाया थे। कुल बकाये में से ₹ 3,910.30 करोड़ की वसूली भू–राजस्व के बकाये की वसूली के लिये प्रमाणित की गयी थी, ₹ 4,468.71 करोड़ माननीय न्यायालयों एवं अन्य अपीलीय प्राधिकारियों की कार्यवाही द्वारा रोके गये थे, ₹ 560.79 करोड की वसूली सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों के विरुद्ध लम्बित थी और ₹ 1,618.99 करोड़ की वसूली बट्टे खाते में डालने हेतु संभावित थी जबकि शेष ₹ 16,278.45 करोड़ के सम्बन्ध में की गयी विशिष्ट कार्यवाही के बारे में सम्बन्धित विभागों द्वारा सूचित नहीं किया गया था।

(प्रस्तर 1.2)

दिसम्बर 2014 तक निर्गत किये गये 10,899 निरीक्षण प्रतिवेदनों से सम्बन्धित ₹ 6,813.44 करोड़ की धनराशि के 38,049 लेखापरीक्षा प्रेक्षण जून 2015 के अन्त तक लम्बित थे।

(प्रस्तर 1.6)

हमने वर्ष 2014–15 के दौरान बिक्री, व्यापार आदि पर कर, राज्य आबकारी, वाहनों माल एवं यात्रियों पर कर, स्टाम्प और निबंधन फीस, मनोरंजन कर और खनन प्राप्तियाँ से सम्बन्धित 1,135 इकाइयों के अभिलेखों की नमूना जाँच की तथा कुल ₹ 851.14 करोड़ के अवनिर्धारण/कम आरोपण/राजस्व की हानि के 5,145 मामले पाये। वर्ष के दौरान सम्बन्धित विभागों ने 456 मामलों में ₹ 20.92 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों को स्वीकार किया, जिनमें वर्ष 2014–15 के दौरान 349 प्रकरणों में ₹ 19.21 करोड़ की धनराशि की वसूली की गयी।

(प्रस्तर 1.10)

II. बिक्री, व्यापार आदि पर कर

"वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली" पर निष्पादन लेखापरीक्षा में निम्नलिखित बिन्दु उद्घटित हुएः

- अन्तर्विभागीय सूचना/आँकड़ों के आदान–प्रदान के लिए तन्त्र एवं सर्वेक्षण के लिए प्रतिमान अस्तित्व में न होने के कारण विभाग 79,363 अपंजीकृत व्यापारियों को चिन्हित और उन्हे पंजीकृत करने एवं ₹ 289.82 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित करने में असफल रहा।

(प्रस्तर 2.3.9.2)

- कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह में समान रूप से कर निर्धारण वाद निस्तारित न किये जाने के परिणामस्वरूप 2010–11 से 2014–15 के दौरान 6,042 से 1,84,052 वाद वर्ष के बाद के माहों में बकाये रह गये। इसके परिणामस्वरूप वादों के निस्तारण के लिए 2010–11 से 2014–15 के दौरान शासन को एक माह से लेकर तीन माह तक तीन बार समयावधि बढ़ानी पड़ी। इसने आने वाले वर्षों के कर निर्धारण को भी प्रभावित किया।

(प्रस्तर 2.3.12 एवं 2.3.13)

- 20 में से 4 जोनों में 2011–12 से 2014–15 के दौरान क0वा0क0 द्वारा निर्धारित पाँच प्रतिशत के मानक के सापेक्ष, 0.27 से 0.44 प्रतिशत की अत्यन्त कम प्रतिशतता के मध्य व्यापारियों को टैक्स आडिट हेतु चयनित किया गया था एवं 2010–11 में कोई भी व्यापारी टैक्स आडिट हेतु चयनित नहीं किया गया था। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार व्यापारियों के कार्यालय, व्यवसाय के स्थान एवं गोदाम पर कोई भी टैक्स आडिट सम्पन्न नहीं किया गया था।

(प्रस्तर 2.3.14)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 16 खण्डों के 23,786 व्यापारियों में से 3,102 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, मे से 34 व्यापारियों के मामलों में ₹ 6.98 करोड़ की आई0टी0सी0 के दावों में अनियमितता यथा अनियमित/अदेय आई0टी0सी0 का दावा, अधिक दावा, आई0टी0सी0 का उत्क्रमित न किया जाना एवं उस पर ब्याज प्रभारित न किया जाना आदि के मामले थे।

(प्रस्तर 2.3.15)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 35 खण्डों के 47,076 व्यापारियों में से 7,669 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, में से 74 व्यापारियों के मामलों में कर की गलत दर लगाये जाने, माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण, कर निर्धारण में टर्नओवर का छूट जाना आदि के कारण ₹ 6.48 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.3.16)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 35 खण्डों के 58,298 व्यापारियों में से 8,556 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, मे से 82 व्यापारियों के मामलों में टर्नओवर का छिपाया जाना, स्वीकृत कर का विलम्ब से जमा होना, माल का बिना घोषणा पत्र के आयात किया जाना एवं मिथ्या घोषणा प्रस्तुत

करने के प्रकरण थे परन्तु कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 114.82 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

(प्रस्तर 2.3.17)

- आई0टी0सी0 के दावों को अनुमन्य करने एवं कर बीजकों के विरुद्ध की गयी बिक्री की धनराशि को स्वीकार करने के लिए यह आवश्यक है कि व्यापारी द्वारा की गयी सभी खरीद एवं बिक्री सत्यापित हो। वर्तमान ऑनलाइन व्यास प्रणाली में संव्यवहारों का शत–प्रतिशत सत्यापन सम्भव नहीं था क्योंकि केवल ₹ 50 लाख अथवा अधिक टर्नओवर वाले व्यापारी ही इस प्रणाली में ई–रिटर्न दाखिल कर रहे थे।

(प्रस्तर 2.3.20)

- आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा की खण्डों की लेखापरीक्षा योजना यथार्थपरक नहीं थी क्योंकि 2010–11 से 2014–15 के दौरान 9 से 96 प्रतिशत की कमी रही। अनिस्तारित प्रस्तरों की स्थिति 8,506 से बढ़कर 11,228 हो गयी और उस पर वसूली के बकाये की स्थिति ₹ 69.98 करोड़ से बढ़ कर ₹ 445.13 करोड़ हो गयी।

(प्रस्तर 2.3.22.2 एवं 2.3.22.3)

82 वाणिज्यकर कार्यालयों के 11,425 व्यापारियों में से 108 मामलों में 2007–08 (वैट) से 2012–13 की अवधि मे अनुसूची में दी गयी सही दरों पर करारोपण न किये जाने के कारण ₹ 2.39 करोड़ के अर्थदण्ड के साथ ₹ 7.23 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.5)

33 वाणिज्यकर कार्यालयों के 4,451 व्यापारियों में से 45 मामलों में 2008–09 से 2011–12 की अवधि मे टर्नओवर के छिपाये जाने, कर के विलम्ब से जमा किये जाने एवं गलत खरीद पर ₹ 2.13 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया गया।

(प्रस्तर 2.6)

25 वाणिज्यकर कार्यालयों के 3,050 व्यापारियों में से 34 मामलों में 2008–09 से 2011–12 की अवधि मे निर्माताओं के माध्यम से कम प्रवेश कर वसूल किये जाने एवं क्रय पर प्रवेश कर की अनियमित छूट के परिणामस्वरूप ₹ 2.35 करोड़ के अर्थदण्ड के साथ ₹ 2.76 करोड़ के प्रवेश कर का न/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.7)

20 वाणिज्यकर कार्यालयों के 2,598 व्यापारियों में से 30 मामलों में 1999–2000 से 2011–12 की अवधि में स्वीकार किये गये कर को विलम्ब से जमा किये जाने पर ₹ 5.31 करोड़ का ब्याज प्रभारित नहीं किया गया।

(प्रस्तर 2.9)

26 वाणिज्यकर कार्यालयों के 3,603 व्यापारियों में से 32 मामलों में 2008–09 से 2011–12 की अवधि में त्रुटिपूर्ण/गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई0टी0सी0) के मामलों की पहचान न किये जाने के परिणामस्वरूप ₹ 3.59 करोड़ के आई0टी0सी0 का अनुत्क्रमण, अर्थदण्ड एवं ब्याज का अनारोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.10)

III. राज्य आबकारी

2014–15 के दौरान पाँच जि0आ0का0 के नमूना जाँच किये गये 69 प्रकरणों में से 65 में आबकारी राजस्व के विलम्बित भुगतान पर ₹ 88.03 लाख का ब्याज प्रभारित नहीं किया गया।

(प्रस्तर 3.6)

जि0आ0का0 कानपुर में 2013–14 के दौरान आबकारी नीति में निर्धारित मानकों के अनुसार मॉडल शॉप की लाइसेन्स फीस का निर्धारण नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप मॉडल शॉप पर ₹ 35.95 लाख के लाइसेन्स फीस का कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 3.7)

IV. वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर

2014–15 के दौरान कानपुर, लखनऊ एवं वाराणसी में नगर परिवहन सेवा लिमिटेड के अन्तर्गत 464 जे0एन0एन0यू0आर0एम0 बसों के नगर निगम सीमा के बाहर संचालित पाये जाने पर अतिरिक्त कर ₹ 30.36 करोड़ का आरोपण नहीं हुआ।

(प्रस्तर 4.6)

2014–15 के दौरान 72 सं0प0अ0/स0सं0प0अ0 कार्यालयों में से 25 में बिना वैध स्वस्थता प्रमाणपत्रों के संचालित 5,820 वाहनों के स्वस्थता प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण न किये जाने के कारण ₹ 2.69 करोड़ राजस्व की वसूली नहीं हुयी।

(प्रस्तर 4.7)

2014–15 के दौरान 72 सं0प0अ0/स0सं0प0अ0 कार्यालयों में से 15 में 6,709 गैर परिवहन यानों के पंजीकरण का नवीनीकरण न किये जाने के परिणामस्वरूप ₹ 40.25 लाख की वसूली नहीं हुयी।

(प्रस्तर 4.8)

72 सं0प0अ0/स0सं0प0अ0 कार्यालयों में से 47 में विभिन्न श्रेणियों के 1,786 अधिक भार लदे निरुद्ध वाहनों पर कैरिज बाइ रोड अधिनियम 2007 के अन्तर्गत ₹ 4.08 करोड़ की शास्ति आरोपित नहीं की गयी।

(प्रस्तर 4.9)

2014–15 के दौरान तीन माह से अधिक अभ्यर्पित 245 वाहनों के मामलों में कर/अतिरिक्त कर ₹ 53.22 लाख वसूला नहीं गया।

(प्रस्तर 4.10)

V. स्टाम्प एवं निबन्धन फीस

2014–15 के दौरान 331 उ0नि0का0 में से 98 में सम्पत्तियों के अवमूल्यांकन के फलस्वरूप ₹ 7.78 करोड़ का स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन फीस कम आरोपित हुआ।

(प्रस्तर 5.5)

VI. अन्य कर एवं करेतर प्राप्तियाँ

2011–12 से 2014–15 के दौरान सात जि0म0क0का0 के 23 एम0एस0ओ0 में से 13 पर लोकल चैनलों के संचालन के लिये ₹ 9.41 करोड़ के अतिरिक्त अनुज्ञप्ति शुल्क का न/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 6.4.8)

2012–13 से 2014–15 के दौरान 11 जि0म0क0का0 में सेट–टाप–बाक्स के संक्रियण प्रभार पर ₹ 17.94 करोड़ का मनोरंजन कर आरोपित नहीं हुआ।

(प्रस्तर 6.4.9)

2013–14 के दौरान जि0म0क0का0 आगरा में केबल संचालकों पर प्रति माह ₹100 प्रति संयोजन की दर से ₹ 3.56 करोड़ का मनोरंजन कर देय था। इसके विरुद्ध केबल संचालकों द्वारा मात्र ₹ 3.05 करोड़ जमा किया गया। इसके परिणामस्वरूप डीएएस प्रणाली पर ₹ 51.09 लाख की कम वसूली हुयी।

(प्रस्तर 6.4.1.0 बुलेट 1)

नवम्बर 2009 एवं मार्च 2015 के मध्य आठ जि0म0क0का0 के 1,183 केबल संचालकों में से 96 से मनोरंजन कर ₹ 64.19 लाख की कम वसूली हुयी।

(प्रस्तर 6.4.1.0 बुलेट 2)

वर्ष 2011–12 से 2014–15 के लिये 13 जि0म0क0का0 के 285 टेलीविजन सिग्नल रिसीवर एजेन्सियों में से 207 पर लाइसेन्स फीस ₹ 46.98 लाख का आरोपण नहीं किया गया।

(प्रस्तर 6.4.15.1)

दो जिला खान कार्यालयों में सात पट्टाधारकों के सम्बन्ध में बिना खनन योजना के खनिजों को उत्खनित किये जाने के परिणामस्वरूप उत्खनित खनिजों के मूल्य ₹ 3.08 करोड़ की वसूली नहीं हुयी।

(प्रस्तर 6.10)

2011–12 से 2014–15 की अवधि के लिये 16 जि0खा0का0 में 1,430 ईंट भट्टा मालिको से रायल्टी, परमिट शुल्क ₹ 6.84 करोड़ वसूल नहीं किया गया।

(प्रस्तर 6.14)

अध्याय–I
सामान्य

1.1 राजस्व प्राप्तियों का रुझान

1.1.1 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2014–15 के दौरान उगाहा गया कर एवं करेतर राजस्व, वर्ष के दौरान भारत सरकार से राज्य को आवंटित विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों की शुद्ध प्राप्तियों में राज्य का अंश एवं सहायता अनुदान तथा विगत चार वर्षों के तदनुरूपी आँकड़े **सारणी 1.1.1** में दर्शाये गये हैं:

सारणी 1.1.1
राजस्व प्राप्तियों का रुझान

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	विवरण	2010–11	2011–12	2012–13	2013–14	2014–15
1.	**राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व**					
	• कर राजस्व	41,355.00	52,613.43	58,098.36	66,582.08	74,172.42
	• करेतर राजस्व	11,176.21	10,145.30	12,969.98	16,449.80	19,934.80
	योग	**52,531.21**	**62,758.73**	**71,068.34**	**83,031.88**	**94,107.22**
2.	**भारत सरकार से प्राप्तियाँ**					
	• विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों की शुद्ध प्राप्तियों का अंश	43,218.90	50,350.95	57,497.86	62,776.70	66,622.91[1]
	• सहायता अनुदान	15,433.65	17,760.02	17,337.79	22,405.17	32,691.47
	योग	**58,652.55**	**68,110.97**	**74,835.65**	**85,181.87**	**99,314.38**
	राज्य सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियाँ (1 एवं 2)	**1,11,183.76**	**1,30,869.70**	**1,45,903.99**	**1,68,213.75**	**1,93,421.60**
4.	**3 से 1 की प्रतिशतता**	**47**	**48**	**49**	**49**	**49**

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे

उपरोक्त सारणी इंगित करती है कि वर्ष 2014–15 के दौरान राज्य सरकार द्वारा उगाहा गया राजस्व (₹ 94,107.22 करोड़) कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,93,421.60 करोड़) का 49 प्रतिशत था। 2014–15 के दौरान शेष 51 प्रतिशत की प्राप्तियाँ भारत सरकार से थीं।

[1] विवरण हेतु कृपया उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2014–15 के वित्त लेखों में लघु शीर्षों द्वारा राजस्व के विस्तृत लेखे का विवरण संख्या–14 देखें। इस विवरण के वित्त लेखों में मुख्य लेखा शीर्षक अ–कर राजस्व के अन्तर्गत–0020–निगम कर, 0021–निगम कर से भिन्न आय पर कर, 0028–आय तथा व्यय पर अन्य कर, 0032–धन पर कर 0037–सीमा शुल्क, 0038–संघीय उत्पाद शुल्क, 0044– सेवा कर एवं 0045 वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर व शुल्क राज्यों के समुदेशित निबल प्राप्तियों के हिस्सों के आंकड़े को राज्य द्वारा उगाहे गये राजस्व से निकाल दिया गया तथा विभाज्य संघीय करों में राज्य के हिस्से में शामिल किया गया है।

1.1.2 2010–11 से 2014–15 की अवधि के दौरान उगाहे गये कर राजस्व के विवरण **सारणी 1.1.2** में दिये गये हैं:

सारणी 1.1.2
उगाहे गये कर राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष		2010–11	2011–12	2012–13	2013–14	2014–15	2013–14 के सापेक्ष 2014–15 में वृद्धि (+) अथवा कमी (–) की प्रतिशतता
1.	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	ब0अ0	26,978.34	32,000.00	38,492.18	43,936.00	47,497.92	(+) 8.11
		वास्तविक	24,836.52	33,107.34	34,870.16	39,645.45	42,931.54	(+) 8.29
2.	राज्य आबकारी	ब0अ0	6,763.23	8,124.08	10,068.28	12,084.88	14,500.00	(+) 19.99
		वास्तविक	6,723.49	8,139.20	9,782.49	11,643.84	13,482.57	(+) 15.79
3.	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	ब0अ0	5,000.00	6,612.00	9,308.00	10,555.00	12,722.67	(+) 20.54
		वास्तविक	5,974.66	7,694.40	8,742.17	9,520.92	11,803.34	(+) 23.97
4.	वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर (0041 एवं 0042)	ब0अ0	2089.90	2,329.95	3,093.90	3,713.00	3,950.00	(+) 6.38
		वास्तविक	2,058.58	2,380.67	2,993.96	3,442.01	3,797.58	(+) 10.33
5.	अन्य[2]	ब0अ0	1,472.96	1,268.12	1,094.68	1,905.00	2,327.34	(+) 22.17
		वास्तविक	1,761.75	1,291.80	1,709.58	2,329.86	2,157.39	(–) 7.40
योग		**ब0अ0**	**42,304.43**	**50,334.15**	**62,057.04**	**72,193.00**	**80,997.93**	**(+) 12.20**
		वास्तविक	**41,355.00**	**52,613.41**	**58,098.36**	**66,582.08**	**74,172.42**	**(+) 11.40**

स्रोतः उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे

सम्बन्धित विभागों ने भिन्नता के निम्नलिखित कारणों को प्रतिवेदित किया:

बिक्री, व्यापार आदि पर करः बजट अनुमान को प्राप्त न किये जाने का कारण विभाग द्वारा, वर्ष के दौरान पेट्रोलियम उत्पाद के मूल्य में कमी बताया गया। यद्यपि, वास्तविक प्राप्ति पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी।

राज्य आबकारी विभागः बजट अनुमान को प्राप्त न किये जाने का कारण विभाग द्वारा, मुख्यतः वर्ष के दौरान विदेशी मदिरा के उपभोग में कमी बताया गया और पिछले वर्ष की तुलना में वास्तविक प्राप्ति में वृद्धि का कारण मुख्यतया एमजीक्यू, देशी मदिरा और बीयर की प्रतिफल फीस एवं दुकानों के व्यवस्थापन में वृद्धि के कारण थी।

स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्कः बजट अनुमान को प्राप्त न किये जाने का कारण विभाग द्वारा, जनता द्वारा विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रीयल इस्टेट में कम रुचि लेना बताया गया। यद्यपि, वास्तविक प्राप्ति, वार्षिक दर सूची में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष से अधिक थी।

अन्य विभागों ने अनुरोध किये जाने के बाद भी बजट अनुमान एवं प्राप्तियों में विगत वर्ष की तुलना में भिन्नता के कारणों को सूचित नही किया (नवम्बर 2015)।

[2]अन्य में निम्नलिखित प्राप्तियाँ (कर राजस्व के पाँच प्रतिशत से कम) शामिल हैं:
विद्युत पर कर एवं शुल्क, भू–राजस्व, होटल प्राप्तियाँ कर, मनोरंजन कर एवं दाँव कर।

1.1.3 2010–11 से 2014–15 की अवधि के दौरान उगाहे गये करेतर राजस्व के विवरण **सारणी 1.1.3** में दर्शाये गये हैं:

सारणी 1.1.3
उगाहे गये करेतर राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष		2010–11	2011–12	2012–13	2013–14	2014–15	2013–14 के सापेक्ष 2014–15 में वृद्धि (+) अथवा कमी (–) की प्रतिशतता
1	विविध सामान्य सेवायें	ब0अ0	7,118.06	4,216.01	3,264.23	2,970.98	4,037.81	(+) 35.91
		वास्तविक	5,120.67	4,035.23	4,494.11	3,194.28	6,400.41	(+) 100.37
2	शिक्षा, खेल कूद, कला तथा संस्कृति	ब0अ0	2,987.49	3,000.00	5,410.00	5,852.75	6,887.18	(+) 17.67
		वास्तविक	2,614.11	2,008.55	4,211.69	6,414.09	5,798.52	(–) 9.60
3	ब्याज प्राप्तियाँ	ब0अ0	1,229.49	861.62	924.36	858.36	1,434.90	(+) 67.17
		वास्तविक	689.32	789.22	1,186.41	1,619.35	2,302.82	(+) 42.21
4	अलौह, खनन तथा धातु कर्म उद्योग	ब0अ0	838.97	900.00	954.00	1,000.00	1,100.00	(+) 10.00
		वास्तविक	653.39	593.28	722.13	912.52	1,029.42	(+) 12.81
5	अन्य करेतर प्राप्तियाँ[3]	ब0अ0	2,811.46	3,133.93	3,621.23	2,500.39	6,772.06	(+)170.84
		वास्तविक	2,098.72	2,719.02	2,355.64	4,309.56	4,403.63	(+) 2.18
योग		**ब0अ0**	**14,985.47**	**12,111.56**	**14,173.82**	**13,182.48**	**20,231.95**	(+) **53.48**
		वास्तविक	**11,176.21**	**10,145.30**	**12,969.98**	**16,449.80**	**19,934.80**	(+) **21.19**

स्रोत: उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त लेखे

सम्बन्धित विभागों ने भिन्नता के निम्नलिखित कारणों को प्रतिवेदित किया:

अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग: बजट अनुमान को प्राप्त न किये जाने का कारण विभाग द्वारा, प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड से पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र न मिलने के कारण कई खनन पट्टों को या तो बंद या नवीनीकरण न किया जाना बताया गया तथा पिछले वर्ष की तुलना में प्राप्ति में वृद्धि प्रवर्तन कार्यों पर विशेष ध्यान दिये जाने तथा अवैध खनन की रोकथाम के कारण थी (नवम्बर 2015)।

अन्य विभागों ने अनुरोध किये जाने के बाद भी विगत वर्ष की तुलना में प्राप्तियों में भिन्नता के कारणों को सूचित नही किया (नवम्बर 2015)।

1.2 राजस्व बकाये का विश्लेषण

31 मार्च 2015 तक के कुछ मुख्य राजस्व शीर्षो का बकाया ₹ 26,837.24 करोड़ था, जिसमें से ₹ 11,572.73 करोड़ का बकाया पाँच वर्षो से अधिक का था, जैसा कि **सारणी 1.2** में वर्णित है:

[3]अन्य में निम्नलिखित प्राप्तियाँ (करेतर राजस्व के पाँच प्रतिशत से कम) शामिल हैं:
अन्य राजकोषीय सेवाये, लाभांश तथा लाभ, राज्य लोक सेवा आयोग, पुलिस, जेल, लेखन तथा मुद्रण सामग्री, लोक निर्माण कार्य, अन्य प्रशासनिक सेवायें, पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के सम्बन्ध में अंशदान और वसूली, चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, जल पूर्ति तथा सफाई, आवास, शहरी विकास, सूचना तथा प्रचार, श्रम तथा रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, अन्य सामाजिक सेवाएं, फसल कृषि, पशु पालन, डेरी विकास, मछली पालन, वानिकी तथा वन्य प्राणि, कृषि एवं अनुसन्धान एवं शिक्षा, सहकारिता, अन्य कृषि कार्यक्रम, भूमि सुधार, अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम, अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम, मुख्य सिचाई, मध्यम सिचाई, लघु सिचाई, बिजली, अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत, ग्राम तथा लघु उद्योग, उद्योग, अन्य उद्योग, नागर विमानन, सड़क तथा सेतु, सड़क परिवहन, पर्यटन, सिविल पूर्ति तथा अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें।

सारणी 1.2
राजस्व के बकाये

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष	31 मार्च 2015 को बकाये की कुल धनराशि	31 मार्च 2015 को पाँच वर्ष से अधिक बकाये की धनराशि	विभाग के उत्तर
1.	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	26,347.13	11,462.56	₹ 26,347.13 करोड़ में से ₹ 2,594.53 करोड़ की माँग भू–राजस्व के बकाये की भाँति वसूली के लिए प्रमाणित किया गया; ₹ 1,276.72 करोड़ के वसूली प्रमाण पत्र दूसरे राज्यों को भेजे गये, ₹ 4,441.96 करोड़ की वसूलियाँ न्यायालयों/अपीलीय प्राधिकारियों एवं शासन द्वारा स्थगित की गयी थीं, ₹ 560.79 करोड़ की वसूली सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों के विरुद्ध थी, ₹ 1,613.14 करोड़ की वसूली हेतु माँग बट्टे खाते में डालने हेतु संभावित थी तथा ₹ 45.02 करोड़ ट्रान्सपोर्टरो से बकाया थे। ₹ 15,814.97 करोड़ के शेष धनराशि हेतु, विभाग में विशेष कार्यवाही की जा रही है।
2.	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	202.77	विभाग के पास ऐसे कोई आँकड़े नहीं हैं।	पाँच वर्ष से अधिक के बकाये के विवरण विभाग के पास उपलब्ध नही थे। विभाग उन चरणों को जिसके अधीन वसूली लम्बित है, प्रदान नहीं कर सका।
3.	वाहनों पर कर	136.82	विभाग के पास ऐसे कोई आँकड़े नहीं हैं।	पाँच वर्ष से अधिक के बकाये के विवरण विभाग के पास उपलब्ध नही थे। विभाग उन चरणों को जिसके अधीन वसूली लम्बित है, प्रदान नहीं कर सका।
4.	अलौह खनन एवं धातु कर्म उद्योग	77.52	51.15	विभाग के पास निदेशालय स्तर पर बकाये के विवरण उपलब्ध नही थे।
5.	राज्य आबकारी	53.12	52.62	₹ 53.12 करोड़ की सम्पूर्ण बकाया धनराशि हेतु माँग भू–राजस्व के बकाये की भाँति वसूली के लिए प्रमाणित की गयी थी। ₹ 53.12 करोड़ मे से ₹ 0.06 करोड़ के वसूली प्रमाण पत्र दूसरे राज्यों को भेजे गये, ₹ 16.87 करोड़ की माँग माननीय न्यायालयों द्वारा स्थगित की गई थी तथा ₹ 5.85 करोड़ बट्टे खाते में डालने हेतु संभावित थी।
6.	मनोरंजन कर	19.88	6.40	₹ 19.88 करोड़ में से ₹ 9.88 करोड़ की माँग माननीय न्यायालयों द्वारा स्थागित की गयी थी तथा ₹ 8.65 करोड़ की माँग भू–राजस्व के बकाये की भाँति वसूली के लिये प्रमाणित की गयी थी। शेष ₹ 1.35 करोड़ अपीलीय प्राधिकारियों के पास लंबित था।
योग		**26,837.24**	**11,572.73**	

स्रोतः विभागों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना

कुल बकाया ₹ 26,837.24 करोड़ में से ₹ 3,910.30 करोड़ भू–राजस्व के बकाये की भाँति वसूली के लिये प्रमाणित किया गया था, ₹ 4,468.71 करोड़ माननीय न्यायालयों, अन्य अपीलीय प्राधिकारियों द्वारा रोके गये थे, ₹ 560.79 करोड़ सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग के विरुद्ध लम्बित था तथा ₹ 1,618.99 करोड़ बट्टे खाते में डालने हेतु संभावित थी जबकि शेष ₹ 16,278.45 करोड़ के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों द्वारा की गयी विशिष्ट कार्यवाही को सूचित नहीं किया गया।

1.3 कर निर्धारण के बकाये

वाणिज्य कर विभाग द्वारा बिक्री, व्यापार आदि पर कर (बिक्री कर, मूल्य संवर्धित कर, प्रवेश कर, केन्द्रीय बिक्री कर तथा संकर्म संविदा पर कर) के सम्बन्ध में प्रदान किये गये विवरण के अनुसार वर्ष के आरम्भ में लम्बित मामले, कर निर्धारण हेतु नये मामले, वर्ष के दौरान निस्तारित किये गये मामले तथा वर्ष के अन्त में निस्तारण हेतु लम्बित मामलों की संख्या का विवरण निम्नानुसार **सारणी 1.3** में है।

सारणी 1.3

कर निर्धारण के बकाये

राजस्व शीर्ष	प्रारम्भिक शेष	2014–15 के दौरान कर निर्धारण हेतु नये मामले	कर निर्धारण हेतु कुल मामले	2014–15 के दौरान निस्तारित मामले	वर्ष के अन्त में शेष मामले	निस्तारण की प्रतिशतता (कालम 5 से 4)
1	2	3	4	5	6	7
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	7,413	3,14,328	3,21,741	2,55,480	66,261	79.41

स्रोतः विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना

विभाग द्वारा बताया गया कि सभी बकाया मामले 30 अप्रैल 2015 तक निस्तारित कर लिये गये हैं क्योंकि कर निर्धारण के सभी बकाया मामलों के निस्तारण के लिये एक माह की समयावधि माँगी गयी थी तथा शासन द्वारा उसे प्रदान किया गया था।

1.4 विभागों द्वारा पता लगाया गया कर का अपवंचन

वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं निबन्धन, परिवहन एवं मनोरंजन कर विभाग द्वारा पता लगाये गये कर के अपवंचन के मामले एवं विभाग द्वारा निस्तारित किये गये एवं अतिरिक्त कर हेतु सृजित माँगों के मामलों का विवरण जैसा कि विभाग द्वारा सूचित किया गया है, **सारणी 1.4** में दिया गया है।

सारणी 1.4

कर का अपवंचन

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	राजस्व शीर्ष	31 मार्च 2014 को लम्बित मामले	2014–15 के दौरान पता लगाये गये मामले	योग	मामलों की संख्या जिनमें कर निर्धारण/जाँच पड़ताल पूरी कर ली गयी है तथा अर्थदण्ड आदि सहित अतिरिक्त माँग सृजित हुई		31 मार्च 2015 को निस्तारण हेतु लम्बित मामलों की संख्या
					मामलों की संख्या	माँग की धनराशि	
1.	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	9,955	5,604	15,559	6,556	2,669.76	9,003
2.	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	15,792	33,508	49,300	30,469	अनुपलब्ध	18,831
3.	वाहनो पर कर	5,090	144	5,234	8	2.00	5,226
4.	मनोरंजन कर	0	47	47	30	0.01	17
योग		**30,837**	**39,303**	**70,140**	**37,063**	**2,671.77**	**33,077**

स्रोतः विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना

उपर्युक्त सारणी के देखने से पता चलता है कि वर्ष के आरम्भ में लम्बित मामलों की संख्या के सापेक्ष वर्ष के अन्त में लम्बित मामलों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुयी।

1.5 लम्बित वापसी वाद

वर्ष 2014–15 के प्रारम्भ में लम्बित वापसी वादो की संख्या, वर्ष के दौरान प्राप्त दावे, वर्ष के दौरान स्वीकृत वापसी और वर्ष 2014–15 के अन्त में लम्बित वादो, जैसा कि वाणिज्य कर विभाग एवं राज्य आबकारी विभाग द्वारा बताया गया, **सारणी 1.5** में दिया गया है।

सारणी 1.5

लम्बित वापसी वादो का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र0सं0	विवरण	बिक्री कर/मू0सं0क0		राज्य आबकारी	
		वादो की संख्या	धनराशि	वादो की संख्या	धनराशि
1	वर्ष के प्रारम्भ मे लम्बित दावे	338	100.55	02	0.18
2	वर्ष के दौरान प्राप्त दावे	8,380	595.46	37	24.60
3	वर्ष के दौरान की गयी वापसी	8,547	668.13	37	22.93
4	वर्ष के अन्त में शेष लम्बित वाद	171	27.88	02	1.83

स्रोतः विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना

उत्तर प्रदेश मू0सं0क0 अधिनियम के अन्तर्गत यदि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा आदेश पारित होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर तक अतिरिक्त धनराशि की वापसी व्यापारी को नहीं की जाती हैं, तो वापसी किये जाने तक एक प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज के भुगतान का प्रावधान है। यद्यपि बिक्री कर/मू0सं0क0 के वापसी वादो के निपटाये जाने की प्रगति ठीक थी परन्तु वर्ष के अन्त में वापसी का लम्बित होना ब्याज के भुगतान के लिये दोषपूर्ण है। राज्य आबकारी विभाग में वापसी के लम्बित दावों में विगत वर्ष से वृद्धि हुयी।

1.6 लेखापरीक्षा के प्रति शासन/विभागों की प्रतिक्रिया

महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र लेखापरीक्षा) उत्तर प्रदेश द्वारा, संव्यवहारों की नमूना जाँच तथा महत्वपूर्ण लेखों एवं अन्य अभिलेखों के रखरखाव का सत्यापन करने हेतु सरकारी विभागों का आवधिक निरीक्षण किया जाता है, जैसा कि नियमों एवं कार्यविधियों में निर्धारित था। ऐसा निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं, जिनका स्थल पर समाधान नही हो पाता है, को शामिल करने वाले निरीक्षण प्रतिवेदनों (नि0प्र0) से अनुगमित होता है जिन्हें निरीक्षण किये गये कार्यालयों के प्रमुखों के साथ–साथ उनके उच्चतर अधिकारियों को प्रतियों के साथ, शीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्गत किया जाता है। कार्यालयों के प्रमुखों/शासन को नि0प्र0 में शामिल आपत्तियों का तात्कालिक अनुपालन तथा कमियों एवं त्रुटियों का सुधार कर नि0प्र0 जारी होने के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या, प्रारम्भिक उत्तर के साथ महालेखाकार को भेजना अपेक्षित होता हैं। गम्भीर वित्तीय अनियमितताएं विभागाध्यक्षों एवं शासन को प्रतिवेदित की जाती हैं।

दिसम्बर 2014 तक जारी किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनों के विश्लेषण से पता चला कि जून 2015 के अन्त तक 10,899 नि0प0 से सम्बन्धित ₹ 6,813.44 करोड़ की सन्निहित धनराशि के 38,049 लेखापरीक्षा प्रेक्षण लम्बित थे जैसा कि विगत दो वर्षो के तदनुरूपी आँकड़ो के साथ निम्न **सारणी 1.6** में वर्णित है।

सारणी 1.6
लम्बित निरीक्षण प्रतिवेदनों का विवरण

विवरण	जून 2013	जून 2014	जून 2015
निस्तारण के लिए लम्बित नि0प्र0 की संख्या	10,808	11,104	10,899
लम्बित लेखापरीक्षा प्रेक्षणों की संख्या	30,694	34,446	38,049
सन्निहित राजस्व की धनराशि (₹ करोड़ में)	6,305.36	6,816.69	6,813.44

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

1.6.1 30 जून 2015 को लम्बित विभागवार नि0प्र0 एवं लेखापरीक्षा प्रेक्षणों एवं उनमें सन्निहित धनराशियों के विवरण **सारणी 1.6.1** में वर्णित हैं:

सारणी 1.6.1
विभागवार नि0प्र0 का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	विभाग का नाम	प्राप्तियों की प्रकृति	लम्बित नि0प्र0 की संख्या	लम्बित लेखापरीक्षा प्रेक्षणों की संख्या	सन्निहित धनराशि
1	वित्त	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	5,792	21,986	3,567.00
		मनोरंजन कर	173	318	13.65
2	राज्य आबकारी	राज्य आबकरी	1,099	2,123	965.15
3	परिवहन	वाहनो पर कर	1,043	4,784	809.92
4	स्टाम्प एवं निबन्धन	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	2,649	8,098	727.80
5	भू–तत्व एवं खनिकर्म	अलौह खनन एवं धातुकर्म उद्योग	143	740	729.92
	योग		**10,899**	**38,049**	**6,813.44**

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

वर्ष 2014–15 के दौरान निर्गत 1,135 नि0प्र0 का यहाँ तक कि प्रथम उत्तर कार्यालयाध्यक्षों से नि0प्र0 के निर्गत करने के एक माह के अन्दर लेखापरीक्षा को प्राप्त नहीं हुआ। नि0प्र0 का उत्तर प्राप्ति न होने के कारण अधिक संख्या में लम्बित रहना

इस तथ्य का द्योतक है, कि कार्यालयाध्यक्षों एवं विभागों ने नि0प्र0 में महालेखाकार द्वारा बतायी गयी कमियों, त्रुटियों तथा अनियमितताओं पर सुधारात्मक कार्यवाही प्रारम्भ नही की थी।

शासन को लेखापरीक्षा प्रेक्षणों की त्वरित तथा उपयुक्त प्रतिक्रिया हेतु एक प्रभावशाली प्रणाली लागू करने पर विचार करना चाहिए।

1.6.2 विभागीय लेखापरीक्षा समिति की बैठकें

नि0प्र0 तथा नि0प्र0 के प्रस्तरों के निस्तारण की प्रगति का अनुश्रवण करने तथा इसमें तेजी लाने के लिये सरकार लेखापरीक्षा समितियों का गठन करती है। वर्ष 2014–15 के दौरान आयोजित लेखापरीक्षा समितियों की बैठकों एवं निस्तारित प्रस्तरों के विवरण **सारणी 1.6.2** में वर्णित हैं।

सारणी 1.6.2

विभागीय लेखापरीक्षा समितियों की बैठकों का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र0सं0	राजस्व शीर्ष	आयोजित बैठकों की संख्या	निस्तारित प्रस्तरों की संख्या	धनराशि
1	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	39	36	0.47
2	राज्य आबकारी	18	395	160.05
3	स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क	05	49	0.69
4	मनोरंजन कर	18	58	0.69
योग		**80**	**538**	**161.90**

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

विभागीय लेखापरीक्षा समिति के बैठकों के आयोजित होने के बावजूद वाणिज्य कर विभाग तथा स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग में बड़ी मात्रा में लम्बित नि0प्र0 एवं प्रस्तरों की तुलना में प्रस्तरों के निस्तारण की प्रगति नगण्य थी। परिवहन विभाग तथा भू–तत्व एवं खनिकर्म विभाग ने अनुरोध के बावजूद लेखापरीक्षा समितियों की बैठकों का आयोजन नहीं किया।

1.6.3 आलेख लेखापरीक्षा प्रस्तरों पर विभागों की प्रतिक्रिया

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में सम्मिलित करने हेतु प्रस्तावित आलेख प्रस्तरों को महालेखाकार द्वारा सम्बन्धित विभागों के प्रमुख सचिवों/सचिवों को लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर उनका ध्यान आकर्षित करने हेतु भेजा जाता है और छः सप्ताह के अन्दर उनसे उनकी प्रतिक्रिया भेजने हेतु अनुरोध किया जाता है। लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित ऐसे प्रस्तरो के अन्त में विभागों/शासन से उत्तरों के प्राप्त न होने का तथ्य निश्चित रूप से दर्शाया जाता है।

जून 2015 और जुलाई 2015 के मध्य एक निष्पादन लेखा परीक्षा सहित इकत्तीस आलेख प्रस्तरों को सम्बन्धित विभागों के प्रमुख सचिव को उनके नाम से भेजा गया। शासन/विभाग के उत्तरों को इस प्रतिवेदन में सम्मिलित कर लिया गया है।

1.6.4 लेखापरीक्षा प्रतिवदेनों का अनुगमन–सारांशीकृत स्थिति

विभिन्न लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों (ले0प0प्र0) में चर्चित सभी प्रकरणों के सन्दर्भ में कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवेदनों में सन्दर्भित सभी प्रस्तरों/निष्पादन लेखापरीक्षाओं पर, चाहे ऐसे मामले लोक लेखा समिति (लो0ले0स0) द्वारा परीक्षण हेतु लिये गये हों या न लिये गये हों, स्वतः संज्ञान लेते हुये कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए वित्त विभाग ने जून 1987 में निर्देश जारी किये थे। इन प्रावधानों के बावजूद प्रतिवेदन के लेखापरीक्षा प्रस्तरों पर व्याख्यात्मक टिप्पणियों मे अत्यधिक विलम्ब किया गया। भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व क्षेत्र के 31 मार्च 2010, 2011, 2012, 2013, और 2014 को समाप्त होने वाले वर्षो के प्रतिवेदनों में शामिल दो सौ तीन प्रस्तरों (निष्पादन लेखापरीक्षा सहित) को 08 अगस्त 2011 और 17 अगस्त 2015 के मध्य राज्य विधान मंडल के पटल पर रखा

गया। इन प्रस्तरों पर सम्बन्धित विभागो द्वारा की गयी कार्यवाही पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ देर से प्राप्त हुईं। 2009–10 से 2013–14 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के 203 प्रस्तरों के विरुद्ध 114 प्रस्तरों से सम्बन्धित की गयी कार्यवाही पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ एक माह से 11 माहों तक के विलम्ब से प्राप्त हुयीं। 31 मार्च 2011, 2012, 2013 और 2014 को समाप्त होने वाले वर्षो के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के 89 प्रस्तरों के सम्बन्ध में विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ अब तक प्राप्त नही हुयीं (नवम्बर 2015)।

लो0ले0स0 ने 2009–10 से 2012–13 के वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के 90 चयनित प्रस्तरों पर चर्चा की। यद्यपि लो0ले0स0 के 90 प्रस्तरों से सम्बन्धित कार्यवाही आख्या (का0आ0) सम्बन्धित विभागों से प्राप्त नही हुयी जैसा कि **सारणी 1.6.4** में दर्शित है।

सारणी 1.6.4

लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर का0आ0 की सारांशीकृत स्थिति

वर्ष	विभाग	योग
2009–10	वाणिज्य कर, राज्य आबकारी, परिवहन, स्टाम्प एवं निबंधन, वन, सिंचाई, चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	20
2010–11	राज्य आबकारी, परिवहन, और स्टाम्प एवं निबंधन	15
2011–12	वाणिज्य कर, राज्य आबकारी, परिवहन, स्टाम्प एवं निबंधन, भूतत्व एवं खनिकर्म, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं वन	52
2012–13	राज्य आबकारी	3
	योग	**90**

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

1.7 लेखापरीक्षा द्वारा उठाये गये मामलों के निपटारे हेतु प्रणाली का विश्लेषण

निरीक्षण प्रतिवेदनों/लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में मुख्य रूप से दिखाये गये मुद्दों के विभागों/शासन द्वारा समाधान करने हेतु प्रणाली का विश्लेषण करने हेतु, मनोरंजन कर विभाग से सम्बन्धित पिछले 10 वर्षो के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल किये गये प्रस्तरों पर की गयी कार्यवाही इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में मूल्यांकित एवं सम्मिलित की गयी है।

अनुवर्ती प्रस्तरों 1.7.1 से 1.7.2 में राजस्व शीर्ष 0045 के अधीन मनोरंजन कर विभाग के निष्पादन और विगत 10 वर्षों के दौरान स्थानीय लेखापरीक्षा के दौरान पाये गये मामलों एवं वर्ष 2005–06 से 2014–15 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित मामलों पर चर्चा की गयी है।

1.7.1 निरीक्षण प्रतिवदेनों की स्थिति

विगत 10 वर्षों के दौरान मनोरंजन कर विभाग को जारी किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनों की सारांशीकृत स्थिति इन प्रतिवेदनों में सम्मिलित किये गये प्रस्तरों और 31 मार्च 2015 तक की उसकी स्थिति के विवरण निम्न **सारणी 1.7.1** में सारणीबद्ध हैं।

सारणी 1.7.1

निरीक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	वर्ष	प्रारम्भिक शेष			वर्ष के दौरान अभिवृद्धि			वर्ष के दौरान निस्तारण			वर्ष के दौरान अन्तिम शेष		
		नि0प्र0	प्रस्तर	धनराशि	नि0प्र0	प्रस्तर	धनराशि	नि0प्र0	प्रस्तर	धनराशि	नि0प्र0	प्रस्तर	धनराशि
1.	2005–06	178	242	6.52	14	22	1.16	52	83	0.80	140	181	6.88
2.	2006–07	140	181	6.88	0	0	0	14	23	0.55	126	158	6.34
3.	2007–08	126	158	6.34	9	15	0.19	9	12	0.09	126	161	6.44
4.	2008–09	126	161	6.44	16	30	0.57	44	55	1.15	98	136	5.86
5.	2009–10	98	136	5.86	24	46	1.67	5	5	0.05	117	177	7.48
6.	2010–11	117	177	7.48	27	49	0.89	20	23	0.82	124	203	7.55
7.	2011–12	124	203	7.55	29	62	17.91	4	9	0.06	149	256	25.40
8.	2012–13	149	256	25.40	17	67	2.12	3	7	0.19	163	316	27.33
9.	2013–14	163	316	27.33	21	76	2.05	1	8	0.03	183	384	29.35
10.	2014–15	183	384	29.35	15	41	0.37	18	64	0.72	180	361	29.01

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

शासन पुराने प्रस्तरों के निस्तारण हेतु विभाग और महालेखाकार कार्यालय के मध्य लेखापरीक्षा समितियों के बैठकों का आयोजन करता है। जैसा कि उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 2005–06 के प्रारम्भ में 242 प्रस्तरों के साथ लम्बित 178 नि0प्र0 2014–15 के अन्त तक बढ़कर 361 प्रस्तरों के साथ लम्बित 180 नि0प्र0 हो गये। यह इस तथ्य को प्रदर्शित करता है कि विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में उचित कदम नहीं उठाया गया परिणामस्वरूप लम्बित नि0प्र0 और प्रस्तरों में वृद्धि हुई।

1.7.2 स्वीकार किये गये मामलों की वसूली

विगत 10 वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल प्रस्तरों जिनको मनोरंजन कर विभाग के स्वीकार किया गया एवं वसूल की गयी धनराशि की स्थिति **सारणी 1.7.2** में वर्णित है।

सारणी 1.7.2
स्वीकार किये गये मामलों की वसूली

(₹लाख में)

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	शमिल किये गये प्रस्तरों की संख्या	प्रस्तरों की धनराशि	स्वीकार किये गये प्रस्तरों की संख्या	स्वीकार किये गये प्रस्तरों की धनराशि	वसूल की गयी धनराशि
2004–05	0	0	0	0	0
2005–06	2	557.93	0	0	0
2006–07	0	0	0	0	0
2007–08	1	6.80	0	0	0
2008–09	1	10.08	0	0	0
2009–10	0	0	0	0	0
2010–11	1	9.54	1	0.25	0.25
2011–12	1	21.03	1	21.03	6.05
2012–13	2	11.74	2	11.00	4.71
2013–14	3	7.22	2	7.22	0.49

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि विगत दस वर्षो में स्वीकार किये गये मामलों मे भी वसूली की प्रगति नगण्य थी। स्वीकार किये गये मामलों की वसूली का अनुसरण सम्बन्धित पक्षों से वसूली योग्य बकाये की तरह किया जाना चाहिए था। शासन/विभाग द्वारा स्वीकार किये गये मामलों में वसूली के अनुश्रवण के लिए कोई प्रक्रिया निर्धारित नही की गयी थी। उपयुक्त प्रक्रिया के अभाव में विभाग स्वीकार किये गये मामलों में वसूली का अनुश्रवण नही कर सका।

विभाग को स्वीकार किये गये मामलों में सन्निहित देयों की त्वरित वसूली हेतु अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन की शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिये।

1.8 विभागों/शासन द्वारा स्वीकार की गयी संस्तुतियों पर की गयी कार्यवाही

महालेखाकार द्वारा की गयी निष्पादन लेखापरीक्षाओं (नि0ले0प0) का आलेख सम्बन्धित विभाग/शासन को उनके उत्तर देने के अनुरोध के साथ उनके सूचनार्थ अग्रसारित किया जाता है। इन निष्पादन लेखापरीक्षाओं पर समापन गोष्ठी में चर्चा की गयी थी तथा शासन/विभागों के विचार को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के लिये निष्पादन लेखापरीक्षा को अन्तिम रुप देते समय शामिल कर लिया गया।

वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग एवं स्टाम्प एवं निबंधन विभाग की विगत पाँच वर्षों के प्रतिवेदन में प्रदर्शित निष्पादन लेखापरीक्षाओं की स्वीकार की गयी संस्तुतियों और उनकी स्थिति का विवरण **परिशिष्ट–I** में दिया गया है।

1.9 लेखापरीक्षा योजना

विभिन्न विभागों के अधीन इकाई कार्यालयों को, लेखापरीक्षा आपत्तियों की पूर्व रुझान, अन्य मापदण्डो एवं उनकी राजस्व की स्थिति के अनुसार उच्च, मध्य एवं लघु जोखिम इकाइयों में श्रेणीबद्ध किया जाता है। वार्षिक लेखापरीक्षा योजना, जोखिम विश्लेषण के

आधार पर तैयार की जाती है जिसमें कर प्रशासन व शासकीय राजस्व के महत्वपूर्ण मामले जैसे बजट अभिभाषण, राज्य वित्त पर श्वेत पत्र, वित्त आयोग के प्रतिवेदनों (राज्य एवं केन्द्र), कर सुधार समिति की सिफारिशें, पिछले पाँच वर्षों के दौरान अर्जित राजस्व की सांख्यिकीय विश्लेषण, कर प्रशासन की रूप रेखा, लेखापरीक्षा क्षेत्र तथा विगत पाँच वर्षो के दौरान इसका प्रभाव सम्मिलित रहता है।

वर्ष 2014–15 के दौरान 2,639 लेखापरीक्षा योग्य इकाईयाँ थीं, जिसमें 1,261 इकाईयों की योजना की गयी और 1,135 इकाईयों की लेखापरीक्षा की गयी जो कि कुल लेखापरीक्षा योग्य इकाईयों का 43 प्रतिशत था। लोक सभा चुनाव के कारण 126 योजना की गयी इकाईयों की लेखापरीक्षा नहीं की जा सकी।

ऊपर वर्णित अनुपालन लेखापरीक्षा के अतिरिक्त इन प्राप्तियों के कर प्रशासन की क्षमता की जाँच हेतु एक निष्पादन लेखापरीक्षा की गयी थी।

1.10 लेखापरीक्षा का परिणाम

वर्ष के दौरान की गयी स्थानीय लेखा परीक्षा की स्थिति

वर्ष 2014–15 के दौरान हमने बिक्री, व्यापार आदि पर कर, राज्य आबकारी, वाहनों, माल एवं यात्रियों पर कर, स्टाम्प और निबंधन फीस, मनोरंजन कर और खनन प्राप्तियाँ से सम्बन्धित 1,135 इकाइयों के अभिलेखों की नमूना जाँच की तथा कुल ₹ 851.14 करोड़ के अवनिर्धारण/कम आरोपण/राजस्व की हानि के 5,145 मामले पाये। वर्ष के दौरान विभाग ने 456 मामलों में ₹ 20.92 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों को स्वीकार किया, जिनमें वर्ष 2014–15 के दौरान 349 प्रकरणों में ₹ 19.21 करोड़ की धनराशि की वसूली की गयी।

1.11 इस प्रतिवेदन का आच्छादन

इस प्रतिवेदन में '**वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली**' पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा को सम्मिलित करते हुये 31 प्रस्तर (स्थानीय लेखापरीक्षा के दौरान लेखापरीक्षा द्वारा ज्ञात किये गये एवं पूर्व वर्षो के दौरान के मामले, जो पूर्ववर्ती प्रतिवेदनों में सम्मिलित नही किये गये में से चयनित) शामिल हैं जिसमें सन्निहित वित्तीय प्रभाव ₹ 560.72 करोड़ का है।

शासन/विभागों ने ₹ 532.41 करोड़ की धनराशि के प्रेक्षणों को स्वीकार किया। जिसमें से ₹ 65.12 लाख वसूल किया गया (नवम्बर 2015)। इनकी चर्चा अनुवर्ती अध्यायों–II से VI में की गयी है।

अध्याय-II
बिक्री, व्यापार आदि पर कर

2.1 कर प्रशासन

बिक्री कर/मूल्य सवंर्धित कर के कानून एवं उसके अधीन बने नियम, शासन स्तर पर प्रमुख सचिव (वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर) उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशासित होते हैं। कमिश्नर, वाणिज्य कर (क0वा0क0) उत्तर प्रदेश, वाणिज्य कर विभाग का प्रमुख होता है, जिनकी सहायता के लिये 100 एडीशनल कमिश्नर, 157 ज्वाइन्ट कमिश्नर (ज्वा0कमि0), 494 डिप्टी कमिश्नर (डि0कमि0), 964 असिस्टेन्ट कमिश्नर (असि0कमि0) एवं 1,275 वाणिज्य कर अधिकारी (वा0क0अ0) होते हैं। सुसंगत कर कानूनों एवं नियमों को लागू करने में सम्बद्ध कर्मचारियों द्वारा उनकी सहायता की जाती है।

2.2 लेखापरीक्षा के परिणाम

विभाग ने वर्ष 2014–15 में ₹ 42,931.54 करोड़ के राजस्व की वसूली की। वर्ष 2014–15 के दौरान बिक्री, व्यापार आदि पर कर से सम्बन्धित 1,645 इकाइयों में से 539 इकाइयों के अभिलेखों की नमूना जाँच में कर के अवनिर्धारण और अन्य अनियमतताओं के ₹ 625.77 करोड़ के 3,014 मामले प्रकाश में आये, जो निम्नलिखित श्रेणियों के अन्तर्गत **सारणी 2.1** में दर्शाये गये हैं:

सारणी 2.1

लेखापरीक्षा के परिणाम

(₹ करोड़ में)

क्र0 सं0	श्रेणियाँ	मामलों की संख्या	धनराशि
1	**वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली (एक निष्पादन लेखापरीक्षा)**	**1**	**420.74**
2	कर का अवनिर्धारण	795	56.44
3	त्रुटिपूर्ण सांविधिक प्रपत्र की स्वीकार्यता	191	7.14
4	खरीद/बिक्री छिपाये जाने से करापवंचन	51	1.82
5	आई0टी0सी0 की अनियमित/गलत/अधिक अनुमन्यता	297	24.87
6	अन्य अनियमितताएं	1,679	114.76
योग		**3,014**	**625.77**

स्रोतः लेखापरीक्षा कार्यालय में उपलब्ध सूचना।

वर्ष के दौरान विभाग ने 134 मामलों में ₹ 14.25 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य कमियों को स्वीकार किया, जिसमें से 127 मामलों में ₹ 14.17 करोड़ की वसूली की गयी। शेष मामलों में विभाग द्वारा उत्तर प्रेषित नहीं किया गया है।

"वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली" पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा जिसमें ₹ 420.74 करोड़ सन्निहित एवं कुछ अन्य निदर्शी मामले जिनमें ₹ 31.19 करोड़ सन्निहित है, की चर्चा अनुवर्ती प्रस्तरों में की गयी हैं।

2.3 'वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली' पर निष्पादन लेखापरीक्षा

प्रमुख अंश

- अन्तर्विभागीय सूचना/आँकड़ों के आदान–प्रदान के लिए तन्त्र एवं सर्वेक्षण के लिए प्रतिमान अस्तित्व में न होने के कारण विभाग 79,363 अपंजीकृत व्यापारियों को चिन्हित और उन्हे पंजीकृत करने एवं ₹ 289.82 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित करने में असफल रहा।

(प्रस्तर 2.3.9.2)

- कर निर्धारण प्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह में समान रूप से कर निर्धारण वाद निस्तारित न किये जाने के परिणामस्वरूप 2010–11 से 2014–15 के दौरान 6,042 से 1,84,052 वाद वर्ष के बाद के माहों में बकाये रह गये। इसके परिणामस्वरूप वादों के निस्तारण के लिए 2010–11 से 2014–15 के दौरान शासन को एक माह से लेकर तीन माह तक तीन बार समयावधि बढ़ानी पड़ी। इसने आने वाले वर्षों के कर निर्धारण को भी प्रभावित किया।

(प्रस्तर 2.3.12 एवं 2.3.13)

- 20 में से 4 जोनों में 2011–12 से 2014–15 के दौरान क0वा0क0 द्वारा निर्धारित पाँच प्रतिशत के मानक के सापेक्ष, 0.27 से 0.44 प्रतिशत की अत्यन्त कम प्रतिशतता के मध्य व्यापारियों को टैक्स आडिट हेतु चयनित किया गया था एवं 2010–11 में कोई भी व्यापारी टैक्स आडिट हेतु चयनित नहीं किया गया था। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार व्यापारियों के कार्यालय, व्यवसाय के स्थान एवं गोदाम पर कोई भी टैक्स आडिट सम्पन्न नहीं किया गया था।

(प्रस्तर 2.3.14)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 16 खण्डों के 23,786 व्यापारियों में से 3,102 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, मे से 34 व्यापारियों के मामलों में ₹ 6.98 करोड़ की आई0टी0सी0 के दावों में अनियमितता यथा अनियमित/अदेय आई0टी0सी0 का दावा, अधिक दावा, आई0टी0सी0 का उत्क्रमित न किया जाना एवं उस पर ब्याज प्रभारित न किया जाना आदि के मामले थे।

(प्रस्तर 2.3.15)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 35 खण्डों के 47,076 व्यापारियों में से 7,669 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, में से 74 व्यापारियों के मामलों में कर की गलत दर लगाये जाने, माल के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण, कर निर्धारण में टर्नओवर का छूट जाना आदि के कारण ₹ 6.48 करोड़ के कर का न/कम आरोपण हुआ।

(प्रस्तर 2.3.16)

- छः ज्वा0कमि0 (का0स0) एवं 35 खण्डों के 58,298 व्यापारियों में से 8,556 व्यापारियों जिनकी नमूना जाँच की गयी, मे से 82 व्यापारियों के मामलों में टर्नओवर का छिपाया जाना, स्वीकार किये गये कर का विलम्ब से जमा होना, माल का बिना घोषणा पत्र के आयात किया जाना एवं मिथ्या घोषणा प्रस्तुत करने के प्रकरण थे परन्तु कर निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 114.82 करोड़ का अर्थदण्ड आरोपित नहीं किया।

(प्रस्तर 2.3.17)

- आई0टी0सी0 के दावों को अनुमन्य करने एवं कर बीजकों के विरुद्ध की गयी बिक्री की धनराशि को स्वीकार करने के लिए यह आवश्यक है कि व्यापारी द्वारा की गयी सभी खरीद एवं बिक्री सत्यापित हो। वर्तमान ऑनलाइन व्यास प्रणाली में संव्यवहारों का शत प्रतिशत सत्यापन सम्भव नहीं था क्योंकि केवल ₹ 50 लाख अथवा अधिक टर्नओवर वाले व्यापारी ही इस प्रणाली में ई–रिटर्न दाखिल कर रहे थे।

(प्रस्तर 2.3.20)

- आन्तरिक लेखापरीक्षा शाखा की खण्डों की लेखापरीक्षा योजना यथार्थपरक नहीं थी क्योंकि 2010–11 से 2014–15 के दौरान 9 से 96 प्रतिशत की कमी रही। अनिस्तारित प्रस्तरों की स्थिति 8,506 से बढ़कर 11,228 हो गयी और उस पर वसूली के बकाये की स्थिति ₹ 69.98 करोड़ से बढ़ कर ₹ 445.13 करोड़ हो गयी।

(प्रस्तर 2.3.22.2 एवं 2.3.22.3)

2.3.1 प्रस्तावना

व्यापार कर राज्य के राजस्व का मुख्य स्रोत है जो राज्य के कुल कर राजस्व का लगभग 58 प्रतिशत योगदान करता है। इसमें मूल्य सवंर्धित कर (मू0सं0क0), केन्द्रीय बिक्री कर (के0बि0क0) एवं स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (प्र0क0) शामिल है। मू0सं0क0 बहुबिन्दु कर प्रणाली है जहाँ उत्पादन श्रृंखला में उपभोक्ता तक पहुंचने तक, वस्तुओं की बिक्री के प्रत्येक बिन्दु पर कर लगता है । वाणिज्य कर विभाग, कर के निर्धारण, आरोपण एवं संग्रहण के लिये उत्तरदायी है एवं अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, नियमों एवं उनके अन्तर्गत जारी विभिन्न विज्ञप्तियों, परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित करता है।

2.3.2 संगठनात्मक ढाँचा

प्रमुख सचिव (वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर) उत्तर प्रदेश, शासन स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख होता है। वाणिज्य कर विभाग का सम्पूर्ण नियंत्रण एवं निर्देशन कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश में निहित होता है जिनका मुख्यालय लखनऊ में है। विभाग को 20 जोनों में संगठित किया गया है, प्रत्येक जोन के प्रमुख एडिशनल कमिश्नर होते हैं और जोनों को पुनः 45 सम्भागों में विभाजित किया गया है जिनके प्रमुख ज्वाइन्ट कमिश्नर होते हैं। पुनश्च, इन सम्भागों को 436 खण्डों में विभाजित किया गया है, जिसमें डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेन्ट कमिश्नर एवं वाणिज्य कर अधिकारियों को कर निर्धारण का अधिकार प्राप्त है।

2.3.3 लेखापरीक्षा के उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से सम्पादित की गयी थी कि क्या

- अधिनियम के प्रावधान एवं उनके अन्तर्गत बनाये गये नियम पर्याप्त हैं एवं राज्य के राजस्व को सुरक्षित रखने के लिये उचित रूप से लागू किये जाते हैं।
- मानव संसाधन का प्रबन्धन दक्षतापूर्वक एवं प्रभावकारी ढंग से किया जा रहा है।
- विभाग की आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली पर्याप्त एवं प्रभावकारी है तथा आन्तरिक लेखापरीक्षा के मामलों की सम्यक् रूप से जानकारी ली जा रही है एवं अनुपालन किया जा रहा है।

2.3.4 लेखापरीक्षा के मानदण्ड

निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षा के मानदण्ड निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त किये गये हैं:

- उ0प्र0मू0सं0क0 अधिनियम 2008 एवं इसके अधीन निर्मित नियमावली।
- केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 एवं इसके अधीन निर्मित नियमावली।
- शासन/विभाग द्वारा समय–समय पर जारी विज्ञप्तियां एवं परिपत्र।

2.3.5 लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं कार्यपद्धति

''वैट के अन्तर्गत कर निर्धारण की प्रणाली'' पर निष्पादन लेखापरीक्षा दिसम्बर 2014 एवं मई 2015 के मध्य सम्पादित की गयी जो अवधि 2008–09 से 2013–14 के सम्बन्ध में 2010–11 से 2014–15 के दौरान अन्तिमीकृत किये गये कर निर्धारणों से सम्बन्धित थी। हमने निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु राजस्व संग्रह के आधार पर उच्च, मध्यम एवं निम्न जोखिम क्षेत्रों[1] में वर्गीकृत करने के पश्चात रैण्डम चयन के आधार पर चयनित कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच की। निष्पादन लेखापरीक्षा हेतु चार एडीशनल कमिश्नर, अपील; चार ज्वाइण्ट कमिश्नर, टैक्स आडिट; आठ ज्वाइण्ट कमिश्नर,[2] (कार्पोरेट सर्किल) एवं 93 खण्डों[3] का चयन किया गया जो विभाग के सम्पूर्ण 20 जोन को आच्छादित करते हैं। हमने आवधिक विवरणियों, वार्षिक विवरणियों, पंजीयन प्रमाण पत्रों, रियायती/ करमुक्ति के घोषणापत्रों, निर्दिष्ट प्राधिकारी के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, तुलन पत्र की नमूना जाँच की एवं अन्य विभाग से संग्रहीत आँकडों/सूचनाओं का प्रतिसत्यापन किया।

एक प्रारम्भिक गोष्ठी 30 दिसम्बर 2014 को शासन एवं विभाग के साथ आयोजित की गयी जिसमें प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर ने शासन तथा एडिशनल कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर नें विभाग का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें निष्पादन लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र एवं कार्यपद्धति के बारे में अवगत कराया गया। 6 अक्टूबर 2015 को शासन एवं विभाग के साथ समापन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन एवं एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर विभाग से चर्चा की गयी। शासन/विभाग के अभिमत को संगत प्रस्तरों में शामिल किया गया है।

2.3.6 अभिस्वीकृति

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग, लेखापरीक्षा हेतु आवश्यक सूचना एवं अभिलेखों को उपलब्ध कराने के लिए दिये गये सहयोग हेतु वाणिज्य कर विभाग का आभार व्यक्त करता है।

---

[1] ज्वाइण्ट कमिश्नर (कारपोरेट सर्किल) एवं ₹100 करोड़ एवं अधिक राजस्व संग्रह वाले खण्डों को उच्च जोखिम, ₹ 25 करोड़ अथवा अधिक परन्तु ₹ 100 करोड़ से कम राजस्व संग्रह वाले खण्डों को मध्यम जोखिम तथा ₹ 25 करोड़ से कम राजस्व संग्रह वाले खण्डों को निम्न जोखिम में वर्गीकृत किया गया था।

[2] ज्वाइन्ट कमिश्नर (कारपोरेट सर्किल) आगरा, इलाहाबाद, जी0बी0नगर, गाजियाबाद–I, गाजियाबाद–II, गोरखपुर, कानपुर–II एवं लखनऊ–I

